राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड, जयपुर
Rajasthan Staff Selection Board, Jaipur

Website : www.rsmssb.rajasthan.gov.in Tel. : 0141-2722520

क्रमांकः प.14(130)RSSB/अर्थना/खान.भू.वि./भर्ती/2021/ **दिनांक : यथाहस्ताक्षर**

—:संशोधित विज्ञप्तिः—

सर्वेयर एवं खनि कार्यदेशक(श्रेणी— द्वितीय) सीधी भर्ती—2024

बोर्ड द्वारा राजस्थान खान एवं भू—विज्ञान अधीनस्थ सेवा नियम—1960 एवं राजस्थान अनुसूचित क्षेत्र अधीनस्थ, मंत्रालयिक एवं चतुर्थ श्रेणी सेवा (भर्ती एवं सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2014 के अन्तर्गत सर्वेयर एवं खनि कार्यदेशक(श्रेणी— द्वितीय) सीधी भर्ती—2024 हेतु विज्ञापन संख्या 14/2024 दिनांक 12.12.2024 को विज्ञप्ति जारी की गई है। उक्त विज्ञापन की बिन्दु संख्या **06 पात्रता एवं शैक्षणिक योग्यता** के स्थान पर **न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता** पढ़ा जावेः—

(i) सर्वेयर के पद हेतु—

(i)भारत में विधि द्वारा संस्थापित किसी मान्यता प्राप्त पोलीटेक्निक संस्थान से माईनिंग या सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा।

(ii) देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

(ii) खनि कार्यदेशक (श्रेणी—द्वितीय) के पद हेतु—

(i)भारत में विधि द्वारा संस्थापित किसी मान्यता प्राप्त पोलीटेक्निक संस्थान से माईनिंग इंजीनियरिंग में डिप्लोमा

अथवा

(ii)भू—विज्ञान विषय सहित बी.एस.सी. के साथ एक वर्ष का मेपिंग एवं सर्वे का फील्ड अनुभव।

(iii)देवनागरी लिपी में लिखी हिन्दी में कार्य करने का ज्ञान एवं राजस्थान की संस्कृति का ज्ञान।

जो व्यक्ति पाठ्यक्रम के अंतिम वर्ष की परीक्षा में उपस्थित हुआ है या सम्मिलित हो रहा हो, जो इन नियमों में उल्लिखित पद के लिए शैक्षिक योग्यता की आवश्यकता है या सीधी भर्ती के लिए उक्त पद के लिए आवेदन करने के लिए पात्र हो लेकिन वह/उसे उपयुक्त चयन एजेंसी को अपेक्षित शैक्षिक योग्यता प्राप्त करने का प्रमाण परीक्षा तिथि से पूर्व तक का प्रस्तुत करना होगा।

उपरोक्त निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के संबंध में विभागीय मतानुसार यह स्पष्ट किया जाता है कि उक्त वर्णित शैक्षणिक योग्यता नियमों में न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता वर्णित है। अतः उक्त वर्णित शैक्षणिक योग्यता से उच्चतर शैक्षणिक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी भी सर्वेयर एवं खनि कार्यदेशक(श्रेणी—द्वितीय) के पदों के लिये आवेदन कर सकेंगे। इस हेतु पूर्व में विज्ञापित **आवेदन करने की अंतिम दिनांक 16.01.2025 को बढ़ाकर दिनांक 23.01.2025 रात्रि 23.59 बजे तक** किया जाता है।

उक्त विज्ञापन के बिन्दु संख्या **17 ऑनलाईन आवेदन में संशोधन प्रक्रिया** में आंशिक संशोधन किया जाकर अभ्यर्थी ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि के पश्चात् सात दिवस की अवधि में अपने फोटो एवं हस्ताक्षर में हुई त्रुटियों को भी निर्धारित शुल्क जमा करवाकर संशोधित कर सकते है।

विज्ञापन की शेष अन्य शर्तें यथावत रहेंगी।

Signature valid
Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2025.01.15 17:39:02 IST
Reason: Approved

(डॉ. बी.सी. बधाल)
सचिव